# WORKER WELFARE PRINCIPLES

# बिल्डिंग रिस्पोंसिबली श्रमिक कल्याण सिद्धांत



## Workers Are Treated with Dignity, Respect, and Fairness

## कर्मचारियों के साथ गरिमा, सम्मान और निष्पक्षता से व्यवहार हो

Workers, irrespective of their nationality, gender, ethnicity, social and legal status, race, religion, or other protected status, are treated with dignity, respect, and fairness, and are not subject to harassment, discrimination, abuse, or inhuman or degrading treatment.

कर्मचारियों की राष्ट्रीयता, लिंग, जातीयता, सामाजिक और कानूनी स्थिति, नस्ल, धर्म, या अन्य संरक्षित स्थिति चाहे कुछ भी हो, उनके साथ गरिमापूर्ण, सम्मानजनक और निष्पक्षता से व्यवहार हो और उनके साथ उत्पीड़न, भेदभाव, दुर्व्यवहार या अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार नहीं हो।



## Workers Are Free from Forced, Trafficked, and Child Labor

## श्रमिक जबरन, मानव तस्करी द्वारा कराए गए, और बाल श्रम से मुक्त हों।

Workers are not subject to forced, coerced, trafficked, bonded, child, or involuntary labor of any form.

श्रमिकों से जबरन, दबाव डालकर, मानव तस्करी द्वारा, अनुबद्धित (बॉंडेड), बाल, या उनकी ईच्छा के विरुद्ध किसी भी तरह का श्रम नहीं करवाया जाए।



## Recruitment Practices Are Ethical, Legal, Voluntary, and Free from Discrimination

## भर्ती के अभ्यास नैतिक, कानूनी, स्वैच्छिक, और भेदभाव रहित हो

Workers shall be recruited through ethical and legal means whereby all recruitment shall be free from discrimination and all forms of involuntary labor, slavery, and trafficking. Companies should commit to responsible recruitment in their operations and prohibit the payment of fees by the worker. Conditions of employment shall be transparent and agreed upon in writing prior to commencing work in a language that is understood by the worker.

श्रमिकों की भर्ती नैतिक और कानूनी तरीकों से होनी चाहिए जिससे वो भेदभाव रहित और किसी भी रूप में अनैच्छिक परिश्रम, दासता, और मानव तस्करी से मुक्त हों। कंपनियों को अपने संचालन में जिम्मेदारीपूर्ण भर्ती के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और श्रमिक द्वारा शुल्क के भुगतान पर रोक लगानी चाहिए। रोजगार की शर्तें पारदर्शी होनी चाहिए और श्रमिक के काम शुरू करने से पहले इन पर एक ऐसी भाषा में सहमति हो जानी चाहिए जो उस श्रमिक को समझ में आती हो।



# WORKER WELFARE PRINCIPLES
# बिल्डिंग रिस्पोंसिबली श्रमिक कल्याण सिद्धांत

## Freedom to Change Employment Is Respected
## रोजगार बदलने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए

Workers are free to refuse their contract; cancel and change their employment; and, where appropriate, return home travel at the end of their employment contract should be provided.

श्रमिक अपना अनुबंध अस्वीकार करने; अपना रोजगार रद्द करने और बदलने के लिए स्वतंत्र हों; और जहाँ भी उचित हो, उनको, उनके रोजगार अनुबंध की समाप्ति पर घर वापसी यात्रा उपलब्ध करवाई जाए।

## Working Conditions Are Safe and Healthy
## काम करने की स्थितियाँ सुरक्षित और अनुकूल हों

Workers have a safe and healthy work environment, subject to a robust health and safety management system that is compliant with all governing health and safety laws and regulations and is aligned with applicable international standards and industry best practice. This includes access to safe and clean transportation and welfare amenities on project sites; and the promotion of transparent and external reporting regarding health and safety incidents.

श्रमिकों को काम करने की सुरक्षित और अनुकूल स्थितियाँ तभी मिलती हैं, जब स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्था करने वाली प्रणाली सुदृढ़ होती है तथा वो स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में लागू सभी कानूनों और नियमों का पालन करने वाली होती है और जो लागू हो सकने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मानदंडों और इस उद्योग क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कार्य-प्रणालियों से मेल खाती हो। इसमें शामिल है परियोजना स्थलों पर पहुँचने के लिए सुरक्षित और साफ परिवहन के साधन और उस स्थल पर कल्याणकारी सुविधाएँ; तथा स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित घटनाओं के बारे में पारदर्शी और बाहरी रिपोर्टिंग।

## Living Conditions Are Safe, Clean, and Habitable
## रहन–सहन की स्थितियाँ सुरक्षित, साफ और निवास–योग्य हों

Workers, when provided with accommodation, have living conditions that are safe, clean, hygienic, and habitable, where consideration is given to their physical and mental health and well-being.

श्रमिकों को जब आवास उपलब्ध करवाया जाए, तो उसमें जीवन यापन के लिए सुरक्षित, साफ, स्वास्थ्यकर, और निवास-योग्य स्थितियाँ होनी चाहिए, जहाँ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा सकुशलता को ध्यान में रखा जाता हो।

# WORKER WELFARE PRINCIPLES
# बिल्डिंग रिस्पोंसिबली श्रमिक कल्याण सिद्धांत

## Access to Documentation and Mobility Is Unrestricted
## दस्तावेज़ों तक पहुँच और गतिशीलता (आना-जाना) अप्रतिबंधित हो

Workers have access to passports and personal documentation at all times. Workers shall have freedom of movement outside normal working hours, unless there are legitimate safety or security issues that might threaten the health, safety, or well-being of the worker.

श्रमिकों की अपने पासपोर्ट और निजी दस्तावेज़ों तक हर समय पहुँच हो। यदि सुरक्षा या रक्षा (सिक्योरिटी) से संबंधित तर्क-संगत समस्याएँ न हो जिनसे श्रमिक के स्वास्थ्य, सुरक्षा, या सकुशलता को खतरा हो, तो श्रमिकों को काम के सामान्य घंटों से बाहर के समय में गतिशीलता (आने-जाने) की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

## Wage and Benefit Agreements Are Respected
## पारिश्रमिक और लाभ समझौतों का सम्मान किया जाए

Workers are paid their agreed wages regularly and on time. Workers will receive all benefits to which they are entitled in accordance with contractual arrangements.

श्रमिकों को, उनका सहमत (एग्रीड) पारिश्रमिक नियमित रूप से और समय पर दिया जाए। श्रमिकों को वो सभी लाभ मिलेंगे जिनके लिए वो अपने अनुबंध की व्यवस्थाओं के अनुसार हकदार हैं।

## Worker Representation Is Respected
## श्रमिकों के प्रतिधित्व का सम्मान किया जाए

Workers have the right to freedom of association. In countries where the right to freedom of association is restricted under law, companies should recognize the right of workers to develop alternative means for independent and free association and to communicate and promote their rights and welfare.

एसोसिएशन (संघ) की स्वतंत्रता श्रमिकों का अधिकार है। जिन देशों में श्रमिकों के एसोसिएशन की स्वतंत्रता के अधिकार पर कानून के तहत पाबंदी होती है, वहाँ कंपनियों को श्रमिकों के स्वतंत्र और मुक्त एसोसिएशन के लिए वैकल्पिक उपाय अपनाने और अपने अधिकारों और कल्याण के बारे संवाद और प्रचार के अधिकार को मान्यता देनी चाहिए।

## Grievance Mechanisms and Access to Remedy Are Readily Available
## शिकायत तंत्र और समाधान तक पहुंच आसानी से उपलब्ध हों

Workers have, and are aware of, the means to report grievances or any activity that is inconsistent with these Principles without fear of retaliation, retribution, or dismissal, and to have them addressed in a prompt, fair, and consistent manner.

श्रमिकों के लिए, शिकायत या इन सिद्धांतो के विरुद्ध किसी भी गतिविधि के बारे में. बदले की कार्यवाही, प्रतिशोध या निष्कासन के डर के बिना शिकायत करने के लिए साधन हों, और श्रमिकों को उनके बारे में मालूम हो

# WORKER WELFARE PRINCIPLES
# बिल्डिंग रिस्पोंसिबली श्रमिक कल्याण सिद्धांत

## CORE ELEMENTS OF IMPLEMENTATION
## अवपालना के मूलभूत अंश

Company implementation of the Principles should apply a risk-based approach and include the following core elements:

कंपनी द्वारा दिशा-निर्देश सिद्धांतो की अवपालना करवाए जाने में खतरा-आधारित ढंग अपनाया जाना चाहिए और निम्नांकित मूलभूत अंशों को शामिल किया जाना चाहिए:

### Commitment | प्रतिबद्धता

Senior leadership demonstrates a commitment to promoting worker welfare by providing appropriate policies and procedures, clarifying roles and responsibilities, and allocating sufficient resources.

वरिष्ठ प्रबंधकों द्वारा उचित नीतियाँ और प्रक्रियाएँ उपलब्ध करवाकर, पदों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करके, और पर्याप्त संसाधन आवंटित करके श्रमिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी जाए।

### Oversight | निगरानी

Oversight of key contractors and suppliers is undertaken through appropriate mechanisms, including policies and procedures, contractual controls, due diligence, training, monitoring, and continuous improvement of all elements.

प्रमुख ठेकेदारों और सप्लायर्स (आपूर्तिकर्ताओं) की निगरानी का काम उचित प्रणालियों, नीतियों और प्रक्रियाओं, अनुबंध के अनुसार नियंत्रण, उपयुक्त कर्मठता, प्रशिक्षण, निरीक्षण, और सभी अंशों में निरंतर सुधार द्वारा किया जाए।

### Training | प्रशिक्षण

Appropriate awareness building, communication, and training is provided to leadership, employees, and workers.

प्रबंधकों, कर्मचारियों, और श्रमिकों को यथोचित जागरूकता का निर्माण, बातचीत, और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाए।

### Reporting | रिपोर्टिंग (सूचना देना)

Transparent and accessible mechanisms are available to report incidents and raise concerns in good faith, without fear of retaliation.

अच्छे विश्वास, प्रतिशोधात्मक कार्यचाही के दर के बिना, घटनाओं की रिपोर्ट करने (सूचना देने) और चिंताएँ सामने रखने के लिए पारदर्शी और सुलभ प्रणालियाँ उपलब्ध हों।

### Engagement | शामिल करना

Building Responsibly members should endeavor to "lead by example" and encourage others in the engineering and construction sector to join our efforts to promote the rights and welfare of workers. Members will also engage with all affected stakeholders to improve implementation of the Principles.

बिल्डिंग रिस्पोंसिबली के सदस्यों को उदाहरण प्रस्तुत करके नेतृत्व का प्रयास करना चाहिए और इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र के अन्य व्यवसायों को श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रयासों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इन सिद्धांतो की अवपालना को बेहतर बनाने के लिए सदस्य प्रभावित साझेदारों को भी शामिल करेंगे।